प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. कुड़मी समाज के रेल रोको आंदोलन को लेकर रेल प्रशासन सतर्क, रेलवे स्टेशनों के आसपास निषेधाज्ञा लागू।
2. प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने मुख्यधारा में लौटने का किया फैसला, शांति वार्ता की जतायी इच्छा।
3. झारखंड हाईकोर्ट का साहिबगंज में पेयजलापूर्ति योजना में हो रही देरी पर कड़ा रुख, मुख्य सचिव समेत चार अधिकारियों को जारी किया अवमानना का नोटिस।
4. केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अधिवक्ता प्रशांत पल्लव को झारखंड हाईकोर्ट के लिए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल किया नियुक्त, तीन वर्ष की होगी कार्य अवधि।
5. राज्य के विभिन्न जिलों में दो दिनों तक चली टैलेंट हंट प्रतियोगिता में 12 सौ से ज्यादा खिलाड़ियों का चयन, अब राज्य स्तर पर होंगी प्रतियोगिताएं।

*******************

राज्य में कुड़मी समाज का रेल रोको आंदोलन आज से शुरू हो रहा है। इसे लेकर रेल से लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। रेलवे स्टेशनों और आसपास के क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। हजारीबाग के एसपी अंजनि अंजन ने बताया कि रेल परिचालन में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

*******************

इधर, सरायकेला खरसावां जिले के राजखरसावां, सीनी, बीरबांस, गम्हरिया स्टेशनों के बीच लगभग 6–7 जगहों पर आंदोलनकारी पटरी पर बैठ गए हैं। हालांकि जिला पुलिस तथा रेल पुलिस उन्हें हटाने का प्रयास कर रही है। कुछ स्थानों पर आंदोलनकारी को पटरी तक आने से पहले ही रोक लिया गया है।

*******************

प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। एक ऑडियो क्लिप में संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लौजुला वेणुगोपाल राव ने शांति वार्ता की इच्छा जतायी है। उन्होंने अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा करते हुए कहा कि वह केंद्रीय गृह मंत्री या उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के लिए तैयार है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने साहिबगंज जिले में पेयजल आपूर्ति योजना में हो रही देरी पर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की अदालत ने मुख्य सचिव, नगर विकास सचिव, पेयजल सचिव और साहिबगंज के उपायुक्त को अवमानना का नोटिस जारी किया है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल –एएसजीआई नियुक्त किया गया है। अब वे केंद्र सरकार के मामले में झारखंड हाईकोर्ट में पक्ष रखेंगे। केंद्र के कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने इस संबंध में स्वीकृति दे दी है।

*******************

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव बृज नन्दन प्रसाद ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत खूंटी जिले के तिरला और बांदे गांव में आदि सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आदि कर्मयोगी अभियान के सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में देश में कर–व्यवस्था में सुधार की घोषणा की थी ताकि आम जनता पर से आर्थिक बोझ कम हो। नई दरें आगामी सोमवार 20 सितंबर से लागू हो रही हैं। आज इस क्रम में हम इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षेत्र पर जीएसटी सुधार के संभावित प्रभावों की चर्चा कर रहे हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत खूंटी जिले के एसजीवीएस अस्पताल में 18 मोतियाबिंद रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने रोगियों के बीच साड़ी और धोती का भी वितरण किया।

*******************

साहिबगंज जिला उद्योग केन्द्र में झारखण्ड माटीकला बोर्ड रांची और मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की ओर से कुम्हारों के बीच विद्युत चाक का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक रमाकांत चतुर्वेदी ने बताया कि 40 चयनित लाभुकों के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर अत्याधुनिक विद्युत चाक का वितरण किया जा रहा है।

*******************

पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड का बरांव गांव पीढ़ियों से मवेशियों की घंटी बनाने के काम में जुटा है और अब इस काम को गांव की महिलाएं नई उड़ान दे रही हैं।

*******************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में वज्रपात की घटना से दो दर्जनों छात्राएं बेहोश हो गयीं। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी बच्चियों को नारायणपुर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज किया गया। इस घटना की सूचना पाकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी अस्पताल पहुंचे और सभी बच्चियों का समुचित इलाज करने का निर्देश दिया।

*******************

राज्य के विभिन्न जिलों में दो दिनों तक आयोजित टैलेंट हंट प्रतियोगिता का कल समापन हो गया। इस आयोजन में पूरे राज्य से 12 सौ खिलाड़ियों का चयन किया गया। खिलाड़ियों का चयन जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के आधार पर किया गया। अब 24 और 25 सितंबर को राज्य स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित होगी।

*******************

खेलो झारखंड अंतर्गत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता रामगढ़ में जारी है। पहले दिन कल उद्घाटन मैच में साहिबगंज ने खूंटी को 3–0 से हराया। इससे पहले राज्य के सभी 24 जिलों की अंडर–19 बालक–बालिकाओं की टीम ने अनुशासन के तहत खेलने की शपथ ली।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची में आयोजित इस्ट टेक डिफेंस एक्सपो की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–फोर्थ ग्रेड कर्मियों के दो कैडर होंगे, राज्य स्तरीय कैडर के लिए जेएसएससी लेगा नियुक्ति परीक्षा।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–कमल भूषण मर्डर में तीन दोषी करार, सजा 22 को।

प्रभात खबर के शब्द हैं–521 करोड़ की ठगी मामले में इडी का छापा।

दैनिक जागरण लिखता है–30 आइपीएस बदले, राकेश रंजन बने रांची के नये एसएसपी, पारस राणा सिटी एसपी और राकेश सिंह यातायात एसपी।

*******************